नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी "बी"
# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय
## जंगल धूसड़-गोरखपुर
फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो.9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...................  दिनांक : 04.01.2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़ में **अंग्रेजी विभाग** के दूसरे दिन 03–05 जनवरी, 2019 तक आयोजित तीन दिवसीय अंग्रेजी व्याकरण कार्यशाला में गर्वनमेण्ट पी0जी0 कालेज, ढाडा, कुशीनगर के एसोसिएट प्रोफेसर विषय विशेषज्ञ **डॉ0 राजेश श्रीवास्तव** ने कार्यशाला के प्रथम सत्र में छात्रों को एलीमेन्टस ऑफ सेन्टेंस के सन्दर्भ में अक्षर, शब्द, फेज़, क्लॉज और सेन्टेंस के भाग सब्जेक्ट्स प्रेडिकेट के बारे में समझाया। तत्पश्चात् उन्होंने वाक्य के प्रकार फैंक्सन के आधार पर डेक्लिरेटिव, इम्प्रेटिव, इन्ट्रोगेटिव, एक्सक्लेमेट्री वाक्यों को समझाया। स्ट्रक्चर के आधार पर उन्होंने छात्रों को सिम्पल, कम्पाउण्ड, कॉम्पलैक्स तथा कम्पाउण्ड कॉम्पलैक्स सेन्टेंस बताते हुए विद्यार्थी प्रश्न पुस्तिका देकर उनकी विषय पर जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में छात्रों को फेज़ के बारे में बताते हुए कहा कि फेज़ ऐसे शब्दों का समूह जिनका अपना एक इन्कम्पलीट अर्थ होता है। जैसे ऑन द टेबल एक फेज़ इसका अपना सेन्स तो है परन्तु पूर्ण अर्थ नहीं है। इसमें ये नहीं पता लग रहा है कि मेज के ऊपर क्या है? नाउन मतलब किसी वस्तु, स्थान अथवा वस्तु का नाम। नाउन फेज़ में जिसमें नाउन शामिल हो जैसे दे हैव कॉल्ड योर फ्रैण्ड्स टू ऑफिस सेन्टेंस में योर फैण्ड्स नाउन फेज़ होगा। क्योंकि फैण्ड्स नाउन है और योर प्रोनाउन है। अर्थात् दो या दो से ज्यादा अल्फाज़ जब मिलकर शब्द समूह बनाते है, जिसमें एक नाउन भी होता है उसे नाउन फेज़ कहते है। यदि हम योर फ्रैण्ड्स के स्थान पर देम शब्द का प्रयोग करे तो ये फेज़ नहीं होगा क्योंकि फेज़ में एक से अधिक शब्दों का प्रयोग होता है। नाउन फेज़ या तो नाउन होता है तो प्रोनाउन क्वॉटीफायर्स डिटरमाईन परन्तु नम्बर डिटरमाईन के बाद आते है। कई बार नाउन फेज़ कम्पलीकेटेड भी होते है, जैसे ए लोफ नाइस फ्रेश ब्राऊन ब्रेड। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का संचालन बी0ए0 प्रथम वर्ष का छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने तथा आभार ज्ञापन श्रीमती कविता मन्ध्यान ने किया कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग के छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

एक अन्य कार्यक्रम में **गृहविज्ञान विभाग** द्वारा पाक कला प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ पकवान को पुरस्कृत किया गया। गृहविज्ञान प्रभारी किरन सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भोजन का हमारे आचार–विचार से गहरा नाता है। शरीर की जरूरतों के अनुसार आवश्यक पोषक तत्वो से युक्त आहार संतुलित आहार की श्रेणी में आता है। भोजन संतुलित होगा तो जीवन भी संतुलित होगा। प्रतियोगिता में बी0ए0 प्रथम वर्ष की श्वेता प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि बी0ए0 प्रथम वर्ष की खुशबू निषाद ने द्वितीय, बी0ए0 द्वितीय वर्ष की अम्बिका सिंह एवं ललिता गुप्ता को तृतीय स्थान तथा बी0ए0 प्रथम वर्ष की दिव्या कुमारी एवं रिया चौहान ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन सुश्री दीप्ति गुप्ता, डॉ0 अनुभा श्रीवास्तव एवं श्रीमती शिप्रा सिंह सहित गृहविज्ञान की प्रतिभागी छात्राएँ उपस्थित रहीं।

**(डॉ0 राजेश शुक्ल)**
**सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी**